स्पीड न्यूज

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की हुई बैठक

**बेरमो।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के बैठक सेन्ट्रल कॉलोनी मे गिरीडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी के आवसीय कार्यालय मे किया गया। बैठक की अध्यक्षता ढोरी क्षेत्र के अध्यक्ष महेंद्र चौधरी एवं संचालन सचिव नरेश प्रसाद महतो ने किया।

## तेनुघाट ओपी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**बेरमो।** तेनुघाट ओपी प्रभारी सुनील कुमार के द्वारा छापामारी कर एक पानी के 40 पाईप सहित एक ट्रक को पकड़ा गया। इस बारे में थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि कोडरमा के सतगांवा थाना अंतर्गत मरचोइ निवासी जय हिंद पांडे जो एस के कंस्ट्रक्शन हजारीबाग में मुंशी के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में कंपनी का काम घरवाटांड छपरगढ़ में पानी टंकी का काम चल रहा है। वहां पर वह उसका देखभाल कर रहे हैं। उनके द्वारा बीती रात करीब 2:00 बजे जानकारी दी गई कि इनकी कंपनी का काम जो तेनुघाट ओपी अंतर्गत घरवाटांड छपारगड़ा में पानी टंकी का काम चल रहा है।

## जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थानः डॉ राज

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत गोमिया स्थित संचालित टोडल्सडेन पब्लिक स्कूल प्रांगण में शनिवार को वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण सह शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य डॉ.सुरेन्द्र राज ने दीप प्रज्ज्वलितकर किया।मौके पर गोमिया के मुखिया बलराम रजक, पलिहारी गुरुडीह की मुखिया सपना कुमारी, स्वांग पंचायत पूर्व मुखिया धनंजय सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## 26 को झारखंड बनाम बंगाल के बीच फुटबॉल प्रदर्शनी मैच खेला जाएगा

**बेरमो /गोमिया।** पलिहारी गुरुडीह पंचायत अंतर्गत उज्जवल भारती क्लब के तत्वाधान में नेहरू हाई स्कूल स्वांग के ग्राउंड पर एक दिवसीय फुटबॉल प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा। उक्त जानकारी उज्जवल भारती क्लब के संरक्षक सह झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान ने दी। कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा के अवसर पर दोपहर 2 बजे से झारखंड बनाम बंगाल के बीच एक दिवसीय फुटबॉल प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य समन्वय समिति सदस्य सह राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बबीता देवी होंगे।

## 4 लाख रुपये के 40 कास्ट पाइप की चोरी

**बेरमो।** तेनुघाट पुलिस ने गुरुवार की रात पानी की पाइप चोरी कर रहे अज्ञात चोरों को खदेड़ा और पाइप लदा ट्रक को पकड़ा। तेनुघाट ओपी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात को छपरगड्डा गांव के निकट रखे कास्ट पाइप की देखरेख के लिए तैनात रात्रि प्रहरी मदन यादव और मटुकधारी महतो ने टॉर्च की रोशनी में कुछ लोगों को पाइक की चोरी करते देखा। फौरन ही इसकी सूचना तेनुघाट पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उनका पीछा किया। चोर वाहन की आवाज और टॉर्च की लाइट देख ट्रक लेकर भागने लगे। करीब एक किलोमीटर तक पुलिस नें उनका पीछा किया। चोर अंधेरे का लाभ उठाते हुए ट्रक को छोड़ कर भाग निकले। गश्ती दल पाइप लदे ट्रक को जब्त कर थाने ले आई।

## मुख्य सतर्कता अधिकारी ने किया ढोरी प्रक्षेत्र का दौरा

**बेरमो।** सीसीएल के नवनियुक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अमलो, कल्याणी सहित विभिन्न परियोजनाओं का दौरा किया। इस दौरान ढोरी महाप्रबंधक मनोज कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। सीसीएल के नवनियुक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि सीसीएल ढोरी क्षेत्र के द्वारा काफी बेहतर तरीके से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोयला खनन करने का कार्य किया जा रहा है।

### न्यू डॉन बास्को स्कूल का धूमधाम से मना 44वां वार्षिकोत्सव, हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

# बच्चे देश के भविष्य हैं, इनका सर्वागीण विकास जरूरी : डॉ. सिंह

### खेल-कूद के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत, 22 से 15 फरवरी तक विद्यालय में होगा निःशुल्क नामांकन





दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित न्यू डॉन बास्को स्कूल का शनिवार का धूमधाम से समारोह पूर्वक विद्यालय 44वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि बरका-सयाल क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.एचके सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी व स्कूल के प्रबंधक अंगद राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य, गीत-संगीत व विभिन्न नाटकों के जरिए विद्यार्थियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समारोह में पूर्व में हुए वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के सफल छात्र-छात्राओं सहित मदर्स डे पर आयोजित खेल का हिस्सा रहे अभिभावकों को भी अतिथियों ने मेडल, ट्रॉफी व उपहार देकर पुरस्कृत किया।

मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. एचके सिंह कहा कि वार्षिकोत्सव किसी भी विद्यालय का आईना होता है। उन्होंने कहा कि डॉन बास्को स्कूल 44 वर्षों से क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि यह स्कूल बच्चों को बेहतर तालीम व अच्छे संस्कार के साथ खेल-कूद में भी आगे बढ़ाने का काम करता रहा है। पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की छिपी प्रतिभा निखरती है। साथ ही इनके कार्यक्रम कुछ ही घंटो में विद्यालय की संपूर्ण गतिविधियों को प्रदर्शित कर देते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई तो जरूरी है लेकिन शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल-कूद भी अहम है। स्कूल के प्रबंधक अंगद राय ने विद्यालय के वर्ष भी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास व हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बच्चों की बेहतरी के लिए स्कूल प्रबंधक हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। श्री राय ने घोषणा करते हुए कहा कि विद्यालय की ओर से 44वें स्थापना दिवस पर 22 जनवरी से 15 फरवरी 2023 तक कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक बच्चों का नामांकन निःशुल्क होगा। किसी तरह कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा। सिर्फ मंथली चार्ज पर पढ़ाई होगी। समारोह को सफल बनाने में स्कूल के प्रबंधक अंगद राय, शिक्षिका मधु कुमारी, रितेश कुमार, संतोष कुमार, ज्योति कुमारी, शाहीन, प्रेरणा, शाक्षी, काजल सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

## जारंगडीह उतरी पंचायत भवन में ग्राम सभा की बैठक सम्पन्न

**बेरमो /जारंगडीह।** बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड अंतर्गत जरंगडीह उतरी पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन क्या गया। इस बैठक मे पंचायत के विभिन्न योजनाओं का चयन कर अतिआवश्यक कार्यो को चिन्हित कर कार्य सूची में अंकित की गई। मिली जानकारी के अनुसार आज की इस ग्राम सभा मे नाली , पथ आदि निर्माण के विषय पर विशेष चर्चा की गई। मौके पर यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत के बचे हुई कार्यो को भी जल्द से जल्द पुरा किया जायेगा। मौके पर जारंगडीह की मुखिया फिरोज खातून ने कही कि क्षेत्र के जरुरत मंदो के लिए उनके द्वारा सीसीएल प्रबंधन से 200 कम्बल की माँग की गई है जैसे ही सीसीएल द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा वैसे ही क्षेत्र के गरिबो और जरूरत मंदो के बीच उसका वितरण कर दिया जायेगा। कही की पंचायत बड़ा होने के कारण प्रखंड से प्राप्त 50 कम्बल लोगो के बीच वितरित भी किया जा चुका है मगर वह कम पड़ गया। कुल मिलाकर यह समूक सह ग्राम सभा टाइड एंव अंटाइड पर ही पुरी तरह आधारित कहा जाये तो यह कही से गलत नहीं होगा।

# आग पर काबू पाने के लिए धैर्य से करें सामना : महेंद्र

### एला एंगलाइज स्कूल में अग्निशमन सेवा का हुआ मॉक ड्रिल, बच्चों को आग से सुरक्षा व बचाव की दी गई जानकारी



आग से सुरक्षा का पाठ पढ़ाते अग्निशमन टीम



छात्रा को आग पर काबू पाने का तरीका बताते अग्निशमन टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

भदानीनगर (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को अग्निशमन सेवा का मॉक ड्रिल हुआ। इसमें रामगढ़ जिला अग्निशमन अधिकारी महेंद्र सिंह ने बच्चों को आग से सुरक्षा व बचाव के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही आग की घटना होने पर इसपर कैसे काबू पाया जाए इसे मॉक ड्रिल कर दिखाया गया। बताया गया कि आग के चार प्रकार होते हैं। आग लगने पर धैर्य पूर्वक इसका सामना करते हुए बचाव करना चाहिए। टीम ने पानी और झाग का उपयोग कर बच्चों को दिखाया। साथ ही गैस सिलेंडर से उत्पन्न आग से बचाव के तरीके भी बताए गए। मौके पर सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर व प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय हमेशा बच्चो को प्रायोगिक शिक्षा प्रदान करने का अवसर देता है। आज के मॉक ड्रिल से बच्चे आग के विषय में बचाओ के नियमों का अपने जीवन में आत्मसात करेंगे। कार्यक्रम के दौरान हेल्पलाइन नंबर भी जारी की गई। कार्यक्रम का संचालन 11वीं कक्षा के हेड बय बिभुति राज व हेड गर्ल विद्या कुमारी ने की की। मौके पर अग्निचालक परमेश्वर बिरूआ व विजय यादव मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में केजी की प्राचार्य अंजू पटेल, धर्मेश कुमार सोनी, जय किशोर प्रसाद महतो, सूरज देव सिंह, कुमार विश्वकसेन, वैभव कुमार, अनुराग मद्धेशिया, सिद्धार्थ कुमार मासूम, गौरव कुमार साहू, ष्ण कुमार, सुनीत एक्का, जलेश्वर महतो, पूजा कुमारी मुर्मू, ललिता देवी, बबीता सिंह, सरिता कुमारी, काजल बनर्जी, सीमा मुंडा, नीतू सिंह, पूनम कुमारी, कविता कुमारी, शीला बेदिया, शबाना खातुन, ब्रीजीट एक्का, मोहनलाल बेदिया, वर्षा टेटे, शीला देवी सपना मिंज, गीता प्रसाद आदि का विशेष योगदान रहा।

## सफल संचालन व समय सारणी निर्धारण को लेकर बैठक संपन्न



बैठक करते पदाधिकारीगण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की सफल संचालन व समय सारणी निर्धारण को लेकर बीडीओ दीपाली भगत की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न हुई। इसके पश्चात प्रखंड कार्यालय में पूर्वाह्न 09:05, थाना परिसर में 09:15, जेएमएम कार्यालय 09:30 प्रिंस भारत गैस वितरक कार्यालय 09:35, स्वास्थ्य उपकेंद्र बारियातू 09:55, सभी पंचायत सचिवालय, 10:05, भाजपा, 10:10, आजसू,10:15, सांसद प्रतिनिधि कार्यालय 10:20, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक 10:30, कांग्रेस कार्यालय 10:35, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय 10:45 तथा सभी गैर सरकारी शिक्षण संस्थान 10:50 में झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने गणतंत्र दिवस को लेकर अपने कार्यालय वेश्म में प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में गणतंत्र दिवस पर विद्यालयों में झंडोत्तोलन कराने एवं मुख्य समारोह में भाग लेने के अलावे राष्ट्र गान समेत अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने प्रधानाध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि ध्वजारोहण सम्मानजनक कराया जाये। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह में राजकीय बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान को संपन्न कराना है। साथ ही आयुक्त कार्यालय, जिला समाहरणालय, जिला परिषद कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय एवं नगर निगम कार्यालय में झंडोत्तोलन



के समय राष्ट्रीय गान बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं के द्वारा संपन्न कराया जायेगा। इसके लिए उन्होंने संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि ध्वजारोहरण के पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने बीसीसी मिशन स्कूल के प्रधानाध्यापक को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस स्टेडियम मुख्य समारोह में राष्ट्रीय गान के समय बैंड बाजे की व्यवस्था करायें। इसके लिए सारी तैयारी पूर्व में ही कर लेना है। बैठक में केजी स्कूल की प्राचार्या सुषमा कुमारी, गिरवर प्लस टू वि के प्राचार्य नीरज कुमार द्विवेदी, मिशन स्कूल की प्राचार्य इग्यासिया लकड़ा समेत अन्य प्राचार्य मौजूद थे।

# सैप में गड़बड़ी को ले सीटू से संबद्ध यूनियनों की भुरकुंडा में हुई पीट मीटिंग

### कहा- 11वां वेतन समझौता अविलंब लागू कर एरियर समेत बढ़े वेतन का जल्द हो भुगतान

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीटू से संबद्ध चार यूनियनों द्वारा भुरकुंडा हाथीदाड़ी खदान के समक्ष शनिवार को पीट मीटिंग की गई। इसमें एनसीओईए, बीसीकेयू, झाकोमयू व राप्रवयू के प्रतिनिधि शामिल हुए। पीट मीटिंग की अध्यक्षता बासुदेव साव ने की।

पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सीटू सेंट्रल कमेटी के आहवान पर पूरे सीसीएल में पीट मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। कहा गया कि सैप सिस्टम के द्वारा जब से मजदूरों का वेतन भुगतान हो रहा है तब से काफी गड़गड़ियां हो रही है। मजदूरों द्वारा शिकायत करने पर प्रबंधन कहती है कि मैं कुछ नहीं कर सकता।

सैप कंपनी पर शिकायत कीजिए। सैप कंपनी दरभंगा हाउस रांची में होने के कारण मजदूरों का काम नहीं हो पा रहा है। जिससे मजदूरों में रोष है। कहा गया कि प्रबंधन मजदूरों का 13 व 11 दिनों का बकाया पैसा अभी तक भुगतान नहीं की है, जिसे अविलंब की जाए। साथ ही 11वां वेतन समझौता को अविलंब लागू कर बकाया राशि एरियर व बढ़ा हुआ वेतन राशि का भुगतान जल्द करे। पीट मीटिंग को पीडी सिंह, अर्जुन सिंह, संजय वर्मा, संजय शर्मा, रामनरेश सिंह आदि ने संबोधित किया। मौके पर सत्यनारायण ठाकुर, जगरनाथ पासवान, आजाद भुंइया, निरंजन पटेल, दशरथ सिंह, किरण सिंह, बासुदेव उरांव, सुखलाल मांझी सहित दर्जनो मजदूर मौजूद थें।



पीट मीटिंग में मौजूद सीटू के लोग

एक नजर में

### नेहरू युवा केंद्र ने किया तीन दिवसीय सामुदायिक विकास प्रशिक्षण आयोजित

# राष्ट्र के रीढ़ होते हैं विद्यार्थी : मंगल सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केन्द्र पलामू के तत्वधान में तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं समुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन नगर निगम मेदिनीनगर के उपमहापौर मंगल सिंह, मुख्य अतिथि प्रो. के. के. मिश्रा , जिला युवा अधिकारी अजित कुमार ने स्वामी विवेकानन्द के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर नेहरु युवा केन्द्र के सभी पदाधिकारी सहित काफी संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त करने आए छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमहापौर मंगल सिंह ने कहा कि आज हमारे छात्र-छात्राएं ही राष्ट्र की रीढ़ है, अगर ये मजबूत होंगे तो हमारा राष्ट्र भी सुद्दढ़ होगा। इनका कार्य ही आगे चलकर हमारे देश को विश्व गुरु बनाने में मददगार साबित होगा। इस लिए युवा नेतृत्व व सामुदायिक विकास प्रशिक्षण का ये केंद्र उन सभी युवाओ के लिए प्रेरणा स्रोत होगा जो आगे चलकर अपने समाज व राष्ट्र ही नही बल्कि विश्व में भी अपनी पताका फहराएंगे। उपमहापौर ने गीता का प्रमुख श्लोक कर्म करते जाओ फल की चिंता मत करो का सार भी छात्र-छात्राओं के बीच साझा किया। मौके पर उपस्थित के के मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में युवाओं को स्वयं के विकास पर जोर देने की आवश्यकता है। संपूर्ण राष्ट्र का विकास, वर्तमान के युवाओं के विकास में निहित है। वर्तमान में युवाओं को स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोविंद मेहता जी, अभिषेक रवि, अमन कुमार, चंदन कुमार, मनोरंजन तिवारी, गौरव दुबे, नीतीश दुबे सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने चलाया रक्तदान जागरूकता अभियान



रक्तदान करते हुए परशुराम सैनिक राज पांडेय।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज सदर अस्पताल में भर्ती मंझिआंव प्रखंड अंतर्गत खरसोता निवासी स्व प्रभु साव की पत्नी अनिता कुंवर को ए बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के आग्रह पर लेस्लीगंज निवासी राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पलामू जिला संगठन मंत्री राज पांडे ने सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में रक्तदान किया। मालूम हो कि मंझिआंव प्रखंड से इलाज कराने डालटनगंज से आई महिला मरीज को एबी पॉजिटिव बल्ड उपलब्ध नहीं हो पाने पर महिला एवं उनके परिजन ने पलामू प्रमंडल में रक्तदान को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क कर रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया। श्री मिश्रा नें राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी से जूडे.राज पांडेय से रक्तदान करवा कर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है। परशुराम सेना युवा वाहिनी द्वारा रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। रक्तदान के अवसर पर उपस्थित धीरज मिश्रा ने रक्तदाता राज पांडेय का हौसला अफजाई किया। मौके पर युवा वाहिनी के कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा, अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष कौशल शुक्ला मौजूद थे।

## आनंद मार्ग में सेमिनार का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आनंद मार्ग जागृति परिसर में प्रथम फेज डायोसिस सेमिनार के दूसरे दिन ट्रेनर आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत के द्वारा शिव की शिक्षा पर विस्तार से लोगों को जानकारी दी गई। शिव की 12 शिक्षा पर मुख्य रूप से प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि पहली शिक्षा है वर्तमानेषू वर्तेत यानी मनुष्य को वर्तमान की भीति पर खड़े होकर अपने वर्तमान के समृद्धि में लगाना है और भविष्य की परिकल्पना इस तरीके से करना है की मानवीक ऐश्वर्य ठोस रूप ग्रहण कर सके। दूसरी शिक्षा है कर्मणा बद्धते जीवः विद्या तू प्रमुच्यते अर्थात मनुष्य के द्वारा कोई भी कार्य बिना प्रज्ञा के समर्थन के बिना नहीं करना चाहिए। तीसरी शिक्षा में शिव में स्त्री को कलत्र का दर्जा दिया है। कलत्र के मन में अपने पति के प्रति हित की भावना होगी तभी परिवार में मधुरता रहेगी और फूस जैसे घर में सोने का संसार होगा। चौथी शिक्षा है क्रोध मनुष्य का महान शत्रु है। पांचवी शिक्षा है लोभ पाप का जन्मदाता है। छठी शिक्षा है अहंकार पतन का मूल कारण है। सातवी शिक्षा है बिना परिश्रम के कोई भी कार्य संभव होना दुर्लभ है। आठवीं शिक्षा है जहां धर्म है वही सत्य का वास होता है। नवी शिक्षा है मिथ्यावादी सदा दुखी होते हैं। दशवी शिक्षा है पाप की गति कुटिला होती है। ग्यारवी शिक्षा है जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा अवश्य ही करता है। परमात्मा को पाने का प्रयास करना ही मनुष्य का वास्तविक धर्म है। बारहवीं शिक्षा है अपनी मुक्ति एवं मोक्ष के लिए प्रयास करना एवं जगत के हित के लिए हमेशा तत्पर रहना। मौके पर आचार्य व्रजगोपालानंद अवधूत (डीएस गया) भुक्ति प्रधान महेश्वर देव, वरिष्ठ आनंद मार्गी बैजनाथ, जगरनाथ, विश्वनाथ, गोपाल, सोनू, सरोज, चंदन, मणि, पूनम, रेनू, शारदा समेत अन्य लोग भी शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### जवान के अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़



कांडी। थाना क्षेत्र के पतिला पंचायत अंतर्गत चोका गांव निवासी झारखंड पुलिस आठ के जवान 40 वर्षीय शिव कुमार साव के अंतिम संस्कार में शनिवार को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उक्त जवान की मौत 19 जनवरी की रात्रि सदर अस्पताल मेदिनीनगर में हो गयी थी। शिव कुमार भंडरिया थाना के संगाली पिकेट में तैनात थे। वे वहां पर मेस मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। उक्त जवान का अंतिम संस्कार शनिवार को सोन नदी में किया गया। परिजनों ने बताया कि शिव कुमार 19 जनवरी को मेस का सामान खरीददारी के लिए भंडरिया बाजार गए थे। वे सामान लेकर वापस पिकेट आ गए थे। गाड़ी से सामान उतर रहा था वे उसी जगह खड़े थे। अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े। नीचे जमीन पर पत्थर था। गिरने से सर में गंभीर चोट आई थी। दूसरे जवानों ने इलाज के लिए भंडरिया स्थित अस्पताल लेकर गए, जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर रेफर कर दिए। मेदिनीनगर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक शिव ने 2005 में जैप में लेस्लीगंज में योगदान दिया था।

### अमन सिंह बने चार्टर्ड अकाउंटेंट



**भवनाथपुर** निवासी अजीत कुमार सिंह के पुत्र अमन कुमार सिंह ने चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। सफलता पर लोग घर पहुंच कर दादा सरपंच नंदकिशोर सिंह और पिता के साथ-साथ पूरे परिवार के लोगों को बधाई दे रहे हैं। दादा नंदकिशोर सिंह ने कहा कि उनके पोता ने सीए बनकर परिवार का नाम रौशन किया है। सीए अमन कुमार सिंह ने कहा कि माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद एवं अथक प्रयास से यह सफलता प्राप्त हुई है। सब इस सफलता पर क्षेत्र के लोग ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में भाई अंकित राज सिंह, गोविंद सिंह, सूरज सिंह, प्रिंस सोनी, दीपक सिंह आदि का नाम शामिल है।

### कांडी में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित




**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को 74वां गणतंत्र दिवस मनाने एवं सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर झंडोत्तोलन का समय सारणी निर्धारित करने के लिए बीडीओ मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में सभी संस्थान के प्रमुख मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रखंड कार्यालय कांडी में पूर्वाह्न 8:30, कांडी थाना 8:45, प्रखंड संसाधन केन्द्र कांडी 8:55, रा. कृत उच्च विद्यालय कांडी 9:05, हरिहरपुर ओपी 9:15, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कांडी 9:20, कन्या मध्य विद्यालय कांडी 9:25, उत्क्रमित उच्च विद्यालय डुमरसोता 9:35, सभी पंचायत मुख्यालय 9:40, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा कांडी 9:45, भारतीय स्टेट बैंक कांडी 9:50, यूनियन बैंक कांडी 9:55, शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर 10:00, पशु चिकित्सा केन्द्र कांडी 10:05, सोनभद्र आदर्श महाविद्यालय कांडी 10:10, लक्ष्मी चंद्रवंशी उच्च विद्यालय कांडी 10:20, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांडी 10:30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। साथ ही बीडीओ ने कहा कि शाम होने से पूर्व ही सम्मान पूर्वक फिर राष्ट्रीय ध्वज को उतार लेना है। बैठक में अंचल अधिकारी अजय कुमार दास, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पाण्डेय उर्फ पिंकू पांडेय, बीससूत्री अध्यक्ष चंदशेखर उपाध्याय, डॉ अमित कुमार, उदय राम, सुमंत राम, रमेश ठाकुर, पंचायत सचिव परमानन्द राम, लखन प्रसाद चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

### परिश्रम का प्रतिफल है परीक्षाः केशरी



**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम हुआ, जिसमें कक्षा नवीं, दशमी, ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर मॉडल, पोस्टर मेकिंग, निबन्ध और ओजपूर्ण भाषण देकर प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि परीक्षा एक उत्सव है। यह परिश्रम और आत्मबल का परिचायक है। छात्र-छात्राएं जितना ही तनावमुक्त होकर परीक्षा में शामिल होंगें उतना ही उन्हें अच्छा परिणाम प्राप्त होगा। बच्चों के जीवन में अभिभावक और शिक्षक की अहम भूमिका है। ये ही दोनों उनके भावी जीवन की दिशा को तय करते हैं। प्राचार्य बीके ठाकुर ने कहा कि छात्रों को हमेशा कुछ नया सीखने के साथ साथ अपने अंदर के विद्यार्थी को हमेशा जीवित रखना चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में माही कुमारी ने प्रथम, दिव्यांजली शुक्ला ने द्वितीय, सृष्टि आनंद व निलिमा कुमारी ने तृतीय, पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्या कश्यप ने प्रथम, सृष्टि आनंद ने द्वितीय एवं आकाश पांडेय ने तृतीय, वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्या कश्यप ने प्रथम, निबंध प्रतियोगिता में माही कुमारी, सिद्धि केशरी एवं आयुषी कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिव्यादीप सोनी, तनुप्रिया एवं माही कुमारी का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

### 25 छात्राओं को मिला प्रमाण पत्र



कांडी। प्रखंड के कस्तूरबा स्कूल की 25 छात्राओं के बीच शनिवार को कौशल विकास प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कांडी पंचायत मुखिया बिजय राम, जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार, बीडीसी ममता देवी के प्रतिनिधि अनूप कुमार, निसबड के कार्यक्रम समन्वयक हैप्पी चैधरी ने संयुक्त रूप से सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में नेहा कुमारी, सविता कुमारी, प्रियंका कुमारी, संध्या कुमारी, खुशबू कुमारी, रंजू कुमारी,पूजा कुमारी, सबीना खातून, रीता कुमारी सहित कई छात्राएं शामिल थी। मौके पर शिक्षिका अंजन प्रसाद, आशा कुमारी, आदेशपाल दिनेश कुमार, ट्रेनर रागिनी कुमारी, खुशबू कुमारी, गीता कुमारी, विनोद कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

**विधायक ने किया भवनाथपुर में नौ तालाब का जीर्णोद्धार का शिलान्यास**

# पिता के सपनों को हर हाल में पूरा करेंगे : शाही

**गढ़वा व पलामू के किसानों को खेत तक सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंचेगा तब तक चैन से नहीं रहेंगे : भानु प्रताप शाही**



खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र को सजाने व संवारने के लिए विकास में नित्य दिन लगा हूं। अपने पिता के सपनों को हर हाल में पूरा करेंगे। गढ़वा व पलामू के किसानों को खेत तक सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंचेगा तब तक चैन से नहीं रहेंगे। उक्त बातें भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने कही। विधायक ने शनिवार को टाउनशिप स्थित आवास पर संयुक्त रूप से विधानसभा के अंतर्गत भूमि संरक्षण विभाग से नौ तालाब का जीर्णोद्धार वृद्ध उमाशंकर पांडेय के द्वारा नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण कर किया। श्री शाही ने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र में अब तक लगभग 200 तालाब का निर्माण मैंने कराया है। पूर्व में रघुवर दास के सरकार में मैं विधानसभा में अपने क्षेत्र के जल स्तर को रोज नीचे गिरने से पीने व किसानों के सिंचाई बाधित होने सम्बंधित चर्चा किया गया था। जिसमें नए तालाब निर्माण के साथ साथ पुराने तालाबों को भी जीर्णोद्धार की आवश्कता है। जिससे की पानी का लेयर ऊपर उठे। उसी मांग के आलोक में यह 22 तालाब में से नौ तालाब का जीर्णोद्धार किया गया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बिजली, सड़क, सिंचाई, पुल पुलिया के निर्माण कराया जा रहा है। सबसे बड़ी उपलब्धि है कि बिजली ग्रिड से मिलने से किसान बंजर जमीन पर भी आज खेती कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिताजी का सपना कनहर से पानी गढ़वा, पलामू के किसानों के खेत तक पहुंचाने के लिए अनवरत लड़ाई जारी रखी। जिसमें 95 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके है पांच प्रतिशत बचे कार्य को भी पूरा कर उनके सपनों को पूरा करेंगे। भूमि संरक्षण विभाग के जिला प्रभारी रामाश्रय प्रसाद ने कहा कि विधायक के प्रयास से यह जीर्णोद्धार योजना धरातल पर पहुंचा है। क्षेत्र के विकास में इनका अहम भूमिका है। भवनाथपुर प्रखंड के बनसानी पंचायत को विभाग गोद लेकर एक विकास मॉडल तैयार किया जा रहा है जल्द ही धरातल पर दिखेगा। मौके पर शशिकांत तिवारी, भाजपा के अनिल चौबे, मनोज पहाड़िया, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानन्द सोनी, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, भानु गुप्ता, बिपिन चौबे, मनु उपाध्याय, धनंजय गुप्ता, लल्लू ठाकुर, दीपक द्विवेदी, रवि पाल, सुनील यादव, संजय यादव, राजेश्वर पासवान सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। सहोदया कम्प्लेक्स के तत्ववधान में सैनिक स्कूल तिलैया डैम में एथलीट मीट, एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल समेत सीबीएसई नई दिल्ली से संबद्ध कोडरमा जिले के सभी स्कूल शामिल हुए। उपविजेता टीम में डॉली, प्रीति, परिधि, बिन्दु, बबली आदि शामिल हुई। वहीं अक्षय कुमार को ऊंची कूद में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाली संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा चतुर्थ से लेकर बारहवीं तक के लगभग 500 लोग शामिल हुए। इस परीक्षा के बारे में प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने बताया कि यह परीक्षा अपनी संस्कृति व सभ्यता का ज्ञान देती है। हमारा अतीत समृद्ध था, हम विश्व गुरु थे और हमें पुनः अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। मौके पर आचार्य मनोज सिंह, रामानुज पांडेय, डॉ धीरेंद्र कुमार, नीरज कुमार, सुनील कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, वीरेन्द्र मिश्रा, विजय तिवारी, पवन शर्मा, संजय महतो, दीपक कुमार विश्वकर्मा, चन्द्रशेखर कुमार, प्रणव प्रभास, प्रभात सौरव, विपिन कुमार डे, टिंकू कुमार, उमाशंकर कुमार, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा, सोनी कुमारी, अनिता ठाकुर, गीतांजलि शर्मा आदि उपस्थित थे।

# पत्नीहंता पति को 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**दहेज हत्या मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने धर्मेन्द्र यादव को सुनाई सजा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** दहेज हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सतगावां थाना क्षेत्र के सम्बलडीह निवासी और मृतका रिंकू देवी के पति धर्मेंद्र यादव उर्फ बंगाली यादव पिता प्रकाश यादव को धारा 304बी/34 में दोषी पाते हुए 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। घटना 12 मई वर्ष 2015 की है। पूरे मामले को लेकर सतगावां थाना में दहेज हत्या को लेकर मृतका की मां धनवा देवी पति भुखन यादव खखंदुआ, गोविंदपुर नवादा बिहार निवासी के द्वारा कांड संख्या 43/15 में मामला दर्ज कराई थी, दर्ज मामले में कांड की सूचक धनवा देवी ने कहा था कि उसकी पुत्री रिंकू देवी का विवाह 5 वर्ष पूर्व सम्बलडीह निवासी धर्मेंद्र यादव उर्फ बंगाली यादव के साथ हुआ था, विवाह के समय बेटी को दान दहेज के साथ विदा किया गया था, कुछ दिन तक सबकुछ ठीकठाक रहा, उसके बाद अतिरिक्त दहेज के रूप में मोटरसाइकिल, भैंस और गाय की मांग कर, मेरी बेटी के साथ उसके पति, सास, श्वसुर और ननद बराबर मारपीट व प्रताड़ित करते थे, इसको लेकर कई बार पंचायत भी हुआ इस दौरान बेटी को पुत्री हुआ। 12 मई 2015 को भी उसके साथ मारपीट किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई, मेरा दावा है कि मेरी बेटी को अतिरिक्त दहेज के लिए मारपीट कर हत्या कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया, माननीय न्यायलय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक बलिराम सिंह की ओर से 13 गवाहों का प्रतिपरीक्षण कराया गया, बचाव पक्ष की ओर से वकील सुमन जयसवाल ने दलीलें रखी। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए मृतका के पति धर्मेंद्र यादव को 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

### कोडरमा : दुष्कर्म के बाद आदिवासी नाबालिग ने दिया बच्ची को जन्म

**कोडरमा।** नवलसाही थाना क्षेत्र के नवलसाही में ही एक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता आदिवासी समुदाय से है। पीड़िता ने बताया कि नवलसाही के रहने वाले रंजीत कुमार ने गोली का भय दिखाकर उसके साथ जंगल में दुष्कर्म किया, जिसके बाद पीड़िता ने डर की वजह से किसी को कुछ नहीं बताया। बात तब सामने आई जब वह मां बनने वाली थी। पीड़िता अपनी मां के साथ नवलसाही में ही रहती थी। उसकी मां मेहनत मजदूरी कर अपनी बेटी को पाल रही थी। पीड़िता की मां मुन्नी देवी ने बताया कि इस मामले का पता मुझे तब चला जब यह पेट से थी समय बीतने के बाद जब सुनीता को प्रसव पीड़ा होने लगी तब उसकी मां ने अपनी बेटी को सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों द्वारा सर्जरी कर उसका प्रसव कराया गया जिससे उसे एक बेटी हुई। सदर अस्पताल में सुनीता कुमारी ने पति के स्थान पर अपना पिता का नाम लिखवा कर प्रसव करवाया। आपको बता दें कि सुनीता कुमारी काफी डरी हुई थी और गोली के डर से उसने किसी को भी कुछ भी ना बताया।

### खिलाड़ियों को विधायक प्रतिनिधि ने दिया टी-शर्ट



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता ने रामासाहू आउटडोर स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कबड्डी खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करने के लिए टी-शर्ट दिया। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जो भी खिलाड़ी चयनित होंगे उन्हें पूरी किट उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर प्रशिक्षक गौरव मिश्रा, राजेश कुमार चंद्रवंशी, शिवकुमार, दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### 23 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**मरकच्चो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मातृ छाया चैरिटेबल हॉस्पिटल में 23 जनवरी को निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगेगा। मातृछाया चैरिटेबल हॉस्पिटल के संस्थापक जुगनू जयंत सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर 9 बजे सुबह से 1 बजे तक लगायी जाएगी। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नरेश पंडित, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अरविंद तिवारी, दन्त रोग विशेषज्ञ आकाश प्रसाद व श्रिष्टि प्रिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। शिविर में निःशुल्क दवाई का भी वितरण किया जायगा।

# बाबूलाल ने किया मंजुला शर्मा मेमोरियल 2 अकादमी की दूसरी शाखा का उद्घाटन




खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल 2 अकादमी की दूसरी शाखा की शुरूआत को-ऑपरेटिव कॉलोनी हजारीबाग में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग के विधायक मनीष जयसवाल एवं बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव तथा हजारीबाग म्युनिसिपल बोर्ड की चेयरमैन रोशनी तिर्की उपस्थित थीं। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन प्रोफेसर केपी शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक भारत में संस्थागत भ्रष्टाचार का विमोचन भी किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने प्रोफेसर केपी शर्मा द्वारा शुरू किए गए इस विद्यालय के संदर्भ में कहा कि कम खर्च में गुणवत्तापरक शिक्षा यहां प्रदान करने की शर्मा जी की प्रतिबद्धता, इनकी उदारता का द्योतक है। आज प्रतिस्पर्धा का युग है, आज के बच्चों को भावी भविष्य की तैयारी पूरी निष्ठा और समर्पण से करने की जरूरत है। इस अवसर डोमचांच मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी के प्रबंधक रजनीश शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रशासक रामप्रवेश पांडेय, प्राचार्य शिव कुमार साव, भालचंद्र पांडेय, राकेश साव, अलख सिंह, पंकज पांडेय, प्रीति चैधरी, रीता कुमारी, कुमुदनी लकड़ा, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एहसान अली, शंकर वर्मा सहित विद्यालय परिवार ने नए ब्रांच के खुलने पर खुशी जाहिर की।

# पेंशनर्स समाज ने मनाया स्थापना दिवस

**नौ सीनियर पेंशनभोगी सम्मानित**



**कोडरमा।** झारखंड राज्य पेंशनर्स समाज जिला शाखा कोडरमा का स्थापना दिवस शनिवार को ध्वजाधारी मंदिर परिसर में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता समाज के जिलाध्यक्ष नारायण मोदी ने जबकि संचालन बलदेव मोदी ने किया।

वक्ताओं ने कहा कि कोडरमा जिला में पेंशनर्स का यह सशक्त संगठन है जो राज्य को भी समय समय पर उचित परामर्श देता रहता है, साथ ही सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका भी निभाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने संगठन की गतिविधियों को सामने रखा और सातवां वेतन पुनरीक्षण समस्या पर चर्चा की। अन्य लोगों ने भी पेंशनर्स की समस्याओं को रखा और कहा कि पेंशनर्स सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि वरीय नागरिक और पेंशनर्स समाज को राह दिखाते हैं, इनसे हम सबों को काफी कुछ सीखने के साथ ही करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान वरीय पेंशनभोगी राजकुमारी देवी, राजी देवी, फूलरानी देवी, मोती देवी, ब्रह्मदेव भारती, मथुरा सिंह, नन्दकिशोर मिश्रा, मथुरा राम और डॉ बृजनन्दन प्रसाद को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पेंशनभोगी बलदेव मोदी, मुनेश्वर प्रसाद सिंह, सुभाष शर्मा, डॉ बीएन प्रसाद, यदुनंदन प्रसाद, जयजय राम, सीता प्रसाद, सिराजुद्दीन अंसारी, रामदेव मंडल, फुल रानी देवी, सुमित्रा कुमारी, रामनरेश चैधरी, महेश्वर पांडे, नरेश झा, सिद्धेश्वर प्रसाद, मथुरा प्रसाद चैधरी, सहदेव प्रसाद, महेश्वरी यादव, मुन्नी सिंह, श्याम किशोर पांडे, गिरिजा नंदन प्रसाद, राजी देवी, द्वारिका प्रसाद सिंह, चंद्रिका प्रसाद, कलावती कुमारी, श्याम परी देवी, राधिका देवी, भोला चैधरी, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महेश पांडे, मथुरा राम, इबनुल हसन, लाल किशोर शर्मा, उमाशंकर प्रसाद, ब्रह्मदेव भारती, सुरेश सिंह, परमानंद शर्मा, भातू प्रसाद रजक, लालो रविदास, शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रमेश प्रसाद सिंह, सहदेव प्रसाद यादव, सच्चिदानंद प्रसाद, नगीना पासवान, डॉ नंद कुमार मोदी, नारायण सिंह, रामकृष्ण गोप, राजकुमार सिंह, बासो कुमार, राजेंद्र सिंह, रामखेलावन प्रसाद, डालेश्वर यादव समेत काफी संख्या में पेंशनभोगी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मातृछाया चैरिटेबल हॉस्पिटल में लगा हेल्थ कैंप



मरकच्चो (कोडरमा)। मातृछाया चैरिटेबल हॉस्पिटल समाज सेवा एवं गरीबों के लिए मसीहा बनकर काम कर रही मातृछाया चैरिटेबल हॉस्पिटल के संस्थापक जुगनू जयंत सिन्हा ने समाज सेवियों व विशेषज्ञ डॉक्टरों के सहयोग से समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। मातृ छाया चैरिटेबल होस्पिटल के द्वारा हर साल निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। इसके तहतशनिवार को मध्य पंचायत मरकच्चो स्थित मातृ छाया हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग 100 से अधिक मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। पारस हॉस्पिटल रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ महेश कुशवाहा तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ रविंद्र प्रसाद के द्वारा इलाज किया गया। शिविर में हृदय रोग से सम्बंधित 30 मरीजों एवं हड्डी रोग से सम्बंधित 75 मरीजों का इलाज किया गया। हॉस्पिटल के संस्थापक जुगनू जयंत सिन्हा का कहना है कि डॉक्टर को भगवान का दर्जा पृथ्वी पर दिया गया है। लेकिन कुछ डॉक्टरों के द्वारा इसका गलत फायदा उठाया जाता है। इस दौरान शिविर को सफल बनाने में समाज सेवी जितेंद्र भगतिया, डॉ अवधेश वर्मा, मुखलाल प्रसाद वर्मा, सिकन्दर वर्मा, प्रमोद कुमार सिन्हा, जुगनू कुमार सिन्हा, संजीत कुमार, अंकित कुमार, तबरेज आलम आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**गिद्धौर।** थाना परिसर में शनिवार 21जनवरी को सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीका से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न कीया गया। जिसका अध्यक्षता अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक संचालन परमेश्वर दांगी ने किया।बैठक में उपस्थित लोगों ने बैठक को बारी-बारी से संबोधन किए। बैठक में सभी क्लब के सरस्वती पूजा करने वाले अनेकों अध्यक्ष सचिव बैठक में उपस्थित हुए। जिन्हें थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल व विजय गुप्ता के द्वारा सभी को कानूनन नियम अनुसार गाइडलाइन का पालन करने की आश्वासन दीया गई। एवं उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा ज्ञान की देवी माता शारदे की पूजा की जाती है।जिसे पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं धूमधाम से पूजा को मनाते हैं। पूजा में किसी भी प्रकार के डीजे साउंड नहीं होना चाहिए।एवं किसी भी प्रकार की अश्लील गाना नहीं बचना चाहिए। साथ ही साथ थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतिमा का विसर्जन 8:00 बजे रात्रि से पहले सभी विद्यालय एवं क्लब से हो जाना चाहिए। अन्यथा देर रात विसर्जन करने वाले लोगों के प्रति कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क सुरक्षा को ले छात्रों को किया जागरूक



चतरा। चतरा कॉलेज चतरा में शनिवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम हुआ। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ उनके पालन की शपथ भी दिलाई गई। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने कहा कि युवा शक्ति देश का भविष्य हैं। जीवन अनमोल है।सुरक्षा मानकों की उलंघन के कारण कुल मौतों की तुलना में पांच गुना अधिक मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हो रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। दोपहिया वाहन चलाने वालों से अपील है कि आप पुलिस के डर से नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए हलमेंट का उपयोग करें। हेड इन्जोरी अक्सर मौत का कारण बनता है। मौके पर सदर थाना प्रभारी सह इंसपेक्टर मनोहर करमाली एंव सम्बंधित कॉलेज के प्रोफेसर एंव छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### कुंदा में पोस्ते की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



**कुन्दा(चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र के बैलगड्डा गांव में लगी पोस्ते की खेती को सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी की मौजूदगी में ड्रोन कैमरा की मदद से जंगलों में लगे पोस्ते खेती को खोजकर ट्रैक्टर की सहायता से नष्ट किया। थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया कि खेती में संलिप्त लोगो की पड़ताल की जा रही है। चिन्हित होने के उपरांत एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होंने ने काहा की अभी भी समय है लोग स्वतः खेती को नष्ट कर दें अन्यथा पुलिस अभियान में वन कर्मी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### यूथ कांग्रेस ने त्रिपुरा के सीएम पुतला फूंका

कोडरमा। जिला यूथ कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अशरफ अली की अध्यक्षता में त्रिपुरा में कांग्रेस प्रभारी डॉ अजय कुमार पर जानलेवा हमला भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।उसी के विरोध में झुमरीतिलैया के झंडा चौक पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक शाह का पुतला जलाया गया। कार्यक्रम के दौरान कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि भाजपा नफरत और हिंसा की राजनीत करती है। त्रिपुरा में चुनाव होने वाले हैं और उसमें अपनी करारी हार को देखते हुए घबराकर कांग्रेस पर हमला कर रही है, लेकिन त्रिपुरा की जनता इसका कड़ा जवाब देगी। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी, वरिष्ठ कांग्रेसी राम लखन पासवान, उमेश साव, उपेंद्र सिंह, हिर्दयनंद मिश्रा, अनिल यादव, नगर अध्यक्ष प्रभात राम जिला प्रवक्ता संजय शर्मा शंभू शर्मा, चांद आलम, महताब आलम, संजय यादव, सोशल मीडिया प्रभारी भोला दास, जमाल अंसारी, संतोष यादव, सद्दाम अंसारी, जुबान कुरैशी, पंकज राणा, संजय दास, मथुरा यादव, खुर्शीद आलम, आदि समस्त कांग्रेस जनों ने उपस्थित थे।

### अवैध कोयले के खदान का डोजरिंग जारी



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर पूरे जिलेभर में 19 से 25 जनवरी तक अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध महाभियान चलाया जा रहा है। महाअभियान के तीसरे दिन शनिवार को लिकैया एवं सरैया जंगल में अवैध कोयले के खदान का डोजरिंग कार्य प्रगति पर है। खनन पदाधिकारी ने बताया कि जब तक पूरी तरह से कोयले के खदान को भर नहीं दिया जाता है तब तक डोजरिंग का कार्य जारी रहेगा। साथ ही कहा कि महाअभियान के तहत पूरे जिले भर में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स के टीम द्वारा लगातार छापेमारी अभियान जारी है। अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त लोगों को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

### मंत्री ने परकोलेशन टैंक का किया शिलान्यास

चतरा। श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने सदर प्रखंड के मोकतमा पंचायत के ग्राम डहुरा में पूरे चतरा विधानसभा क्षेत्र में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से बनने वाले परकोलेशन टैंक निर्माण कार्य का सांकेतिक रूप से विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान अशोक सम्राट, राजद जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, मंत्री प्रतिनिधि उदय दांगी, पूर्व नगर अध्यक्ष मन्दूर साहू, राजद नेता भोली साहू समेत सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### हाथियों दो एकड़ फसल को किया बर्बाद

**सिमरिया/चतरा।** हाथियों के झुंड ने शुक्रवार रात एदला के जतराही टोला में जमकर उत्पात मचाया। झुंड ने दो एकड़ में लगी फसल को खाकर कर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों में उमेश कुमार साव का टमाटर और अरहर की फसल, जगदीश साव का फ्रेंच बीन और मटर की फसल, महेंद्र भुइयां का आलू की फसल, अजीत साव और कुलदीप साव का सरसों, मटर और अरहर की फसल को पूरी तरह तहस-नहस कर बर्बाद कर दिया।

## स्पीड न्यूज

### हाथियों का आतंक जारी, फिर किया चार घर ध्वस्त

**महुआडांड़।** महुआडांड़ वन क्षेत्र के शाहपुर पीएफ के ग्राम दुधरवा में सातवें दिन जंगली हाथियों ने नौ बजे रात को उर्मिला मिंज के घर सहित सोहर पाठ पंचायत के कटहल टोली में तीन ग्रामीणों के घर को पूरी तरह से ध्वस्त किया घर में रखे अनाज को चट कर गया। वही ग्रामीण हाथियों के भय से घर छोड़कर कर चार किलोमीटर दूर दूसरे गाँव शाहपुर में रात भर पूरे परिवार के साथ बिताने जा रहे है। यह दुधरवा टोला जंगल के बीचों बीच है। जहा कुल आठ परिवार निवास करते हैं। हाथियों द्वारा शुक्रवार रात्रि को चार घर ध्वस्त कर दिया। जिसे कारण सभी टोले वासी दुसरे गाँव में शरण लेने को मजबूर है।

### कंबल का किया गया वितरण

**गारू।** बारेसांढ़ स्थित सीआरपीएफ द्वारा बारेसाढ़ के समीप सिविक एक्सन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कमांडेंट खालिद खान के निर्देशानुसार 218 बटालियन सीआरपीएफ के सौजन्य से मायापुर निवासी प्रवीण सिंह, पुत्र महेश्वर सिंह को एक टिन सेट का मकान तैयार कर सुपुर्द किया गया। वहीं शनिवार को ललमटिया, बारेसांढ़ के ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उपस्थित ग्रामीणों के लिए जलपान की व्यवस्था भी किया गया। इस मौके पर शिलक राम (सहायक कमांडेंट) ई 218 बटा केरिपु बल मौजूद रहे। वहीं खालिद खान ने संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ द्वारा समय-समय पर आपको ऐसे कार्यक्रम से लाभान्वित किया जाता रहेगा।

### बाईक से गिरकर वृद्धा घायल

**चंदवा।** चंदवा शहर के कंचन नगरी मार्ग पर शनिवार की दोपहर एक बाइक से गिरकर वृद्धा राधा कुँवर पति स्व. बनारसी साव (बरवाईया मनिका) गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों व स्थानीय लोगो की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जाता है कि घायल राधा कुंवर चंदवा में भाई श्याम सुंदर साव के घर आई हुई थी व बाइक से कहीं जाने के लिए निकली थी, इसी दौरान असंतुलित होकर वह बाइक से गिर गयी।

### चंदवा फाइटर,मैक्स क्लब, जूनियर 11 और रामपुर अंतिम 8 में

**चंदवा।** युवा भारत द्वारा स्थानीय खेल स्टेडियम में आयोजित जस्टिस एलपीएन शाहदेव टी-10 केनवास क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को हुए के दूसरे राउंड के चौथे मैच में चंदवा फाइटर ने आरआरसी को 40 रनों के अंतर से हराया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच गोलू को दिया गया। पांचवे मैच में जूनियर 11 ने जस्टिस एलपीएन शाहदेव स्कूल को 69 से हरा दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच ओसामा बने। दूसरे राउंड के छठे मैच के रोमांचक मुकाबले में रामपुर की टीम ने बरियातू को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अमित को दिया गया। वहीं दिन का अंतिम मैच में मैक्स क्लब डैमटोली की टीम ने आलौदिया की टीम को 30 रनों से हरा दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अद्दु बने। रविवार को अंतिम चार के लिए तीन मैच होंगे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आकाश, अक्षय, दारा, मनीष, रंजन, जूनियर जी आदि लगे हुए है।

### आदिवासी समाज की बैठक संपन्न

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गाड़ी गांव के रेड़ाही धूमकुड़िया भवन मे पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव की अध्यक्षता मे आदिवासी समाज की बैठक संपन्न हुई बैठक मे मुख्य रूप से आदिवासियों की रक्षा, कुड़ुख इंग्लिश स्कूल खोलने, धार्मिक ज्ञान व अतिरिक्त विकास के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोलना, स्कूल के लिए धन संग्रह, पांच मार्च को कुर्मी कोयरी के विरुद्ध रांची रैली जाने, आदिवासी महिला सशक्तिकरण, आदिवासियों की पुराने भाषा संस्कृति धरोहर को बचाने सहित अन्य बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं बैठक मे आदिवासियों को कमजोर करने के लिए धर्म परिवर्तन पर विराम लगाने पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक का संचालन जगदीश उरांव ने किया। मौके पर धर्म अगुआ तेतर उरांव, बागेश्वर उरांव, बिनोद भगत, कन्हाई सिंह, नवाहिर उरांव, उर्मिला देवी, सरिता देवी, लालजी उरांव, नरेश उरांव नंदू उरांव, बल्केश, राजेश्वर, कर्मदेव, ब्रमदेव, ओंकील, सूर्यदेव सहित काफी संख्या मे आदिवासी महिला पुरुष मौजूद थे।

### बाइक दुर्घटना में 2 लोग घायल

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत के पुरानी कस्तूरबा विद्यालय के समीप दिन शनिवार को राष्ट्रीय मार्ग 39 पर अज्ञात वाहन के धक्के से एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिस कारण बाइक में सवार 2 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान दीपक सिंह और पिंटू सिंह के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया। जहां पर डॉक्टरों के द्वारा दोनों लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने घायलों की स्थिति सामान्य बताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति मनिका की तरफ से लातेहार की ओर जा रहे थे तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिस कारण बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और बाइक में सवार दोनों लोग घायल हो गए।

### ऑटो को मारी टक्कर, 6 घायल

**चंदवा।** एनएच-75 रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के परहिया टोला के पास शनिवार की दोपहर चंदवा से लातेहार की ओर जा रही एक ऑटो को एक अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे टेंपो में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में गीता देवी पति गुलटेन लोहरा मनिका, बृजमनी देवी पति कैला लोहरा, राकेश कुमार पिता सुरेश लोहरा, बिनीता देवी पति सुरेश लोहरा, गुड्डी देवी पति दीपक लोहरा, ऑटो चालक ओमप्रकाश कुमार पिता कृष्णा प्रसाद (सभी खलारी) शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद 2 घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। इधर घटना के बाद ट्रक मौके से भागने में सफल रहा।

---

नेतरहाट में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा में लातेहार जिला अव्वल, 31 पदक जीतकर आया प्रथम

# प्रतिभाओं को विश्व पटल पर खड़ा करना लक्ष्य : सुनील सिंह

- राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रति स्पधाओं के लिए किया चयन
- लातेहार के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण, आठ रजत, एवं नौ कास्य पदक जीतकर किया प्रथम स्थान प्राप्त



सम्मानित करते सांसद सुनिल सिंह।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** नेतरहाट के आवासीय विद्यालय के ओवल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का शनिवार को समापन किया गया। जिसमें चतरा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले तीन जिला जिसमे चतरा, लातेहार एवं पलामू के पांकी विधानसभा के 27 प्रखंडों के 337 पंचायतों के कक्षा 8 से 12 तक के 510 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस खेल स्पर्धा में 12 प्रतिस्पर्धा थे। जिसका सफल संचालन के लिए 45 खेल तकनीकी सहयोगियों के द्वारा संपन्न किया गया। बताते चले कि लातेहार जिला के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण, आठ रजत, एवं नौ कास्य कुल 31 पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। चतरा ने 8 स्वर्ण, 13 रजत एवं 14 कांस्य पदक जीत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पलामू जिला अंतर्गत पांकी विधानसभा के छात्र-छात्राओं दो स्वर्ण, तीन रजत एवं एक कांस्य जीतकर तीसरे स्थान पर रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रति स्पधाओं के चयन

इन प्रतिभागियों के प्रतिभा से प्रभावित होकर राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण के तकनीकी की चयनकर्ताओं ने लिलवंती कुमारी गास, मधु कुमारी बरवाडीह, प्रीति कुमारी चतरा, रीना कुमारी टंडवा, सुमंत उरांव मनातू पलामू, अभिषेक कुमार महुआडांड, जिगर कुमार पत्थलगड़ा चतरा को चयनित किया गया है। इन प्रतिभागियों को कुशल प्रशिक्षक एवं समुचित सुविधा उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रति स्पधाओं के लिए तैयार कराया जाएगा।

## खेल कार्यक्रम के आयोजन से प्रतिभाओं को रचनात्मक बनाना है

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पदमश्री पुरस्कार से सम्मानित एवं विकास भारती के सचिव अशोक भगत उपस्थित थे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा के विपक्ष के सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण एवं अंतरर्राष्ट्रीय धावक सिडनी ओलंपिक 2000 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिनियम साउथ एशियन गेम्स 1999 के स्वर्ण पदक विजेता आनंत लुईस मेंडिस कार्यक्रम में उपस्थित थे। वहीं सांसद सुनील सिंह संबोधित करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से अपना व्यक्तित्व का विकास करना है। खेलेगा भारत तो बढ़ेगा भारत, खेलेगा भारत तो जीतेगा भारत। वहीं उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को रचनात्मक बनाना है एवं विश्व पटल पर खड़ा करना है। वहीं आनंद लुइस मेंडिस ने इनकी प्रतिभाओं से प्रभावित होकर संपूर्ण सहयोग का वादा किया। वहीं पदमश्री अशोक भगत ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए सांसद सुनील सिंह को साधुवाद दिए और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। समापन समारोह में सिमरिया विधायक किशनदास, चतरा के पूर्व विधायक जर्नाधन पासवान, चतरा जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक शर्मा, लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, लातेहार नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, लातेहार जिला परिषद सदस्य एस्टेला नगेसिया, संतोषी शेखर, सरोज देवी, चतरा जिला परिषद सदस्य बेचन पासवान, सुरेश पासवान, पलामू भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, चतरा भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रामविलास सिंह, चतरा भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सह पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष नवीन साह समेत कई लोग उपस्थित थे।




समापन के दौरान मौजूद लोग।

---

# एसपी के नेतृत्व में लातेहार पुलिस की बड़ी कामयाबी

## जेपीसी संगठन के चार उग्रवादी चढ़े पुलिस के हत्थे, रेलवे साइट के 3 कांडों में स्वीकार की संलिप्तता

- पुलिस ने केईसी कंपनी के बैचिंग प्लांट में कर्मियों को बंधक बनाकर उत्पात मचाये जाने के मामला का महज एक सप्ताह में किया उद्भेदन



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी रंजन के कुशल नेतृत्व में चंदवा पुलिस की टीम ने बड़ी सफलता अर्जित की है। जहां चंदवा के माल्हन केंदुआटांड स्थित केईसी कंपनी के बेचिंग प्लांट में बीते सोमवार को कर्मियों को बंधक बनाकर मारपीट करने व उत्पात मचाए जाने के मामले का महज 1 सप्ताह के अंदर उद्भेदन कर दिया। घटना में संलिप्त क्रांतिकारी कम्युनिस्ट पार्टी (जेपीसी संगठन) के चार उग्रवादियों को किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की रणनीति बनाते चंदवा के केकराही जाने वाले मार्ग से दबोचा सफलता पायी। लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि विगत कुछ महिनों से उग्रवादी संगठन क्रातिकारी कम्युनिष्ट पार्टी (जेपीसी) के उग्रवादियों के द्वारा चंदवा थाना क्षेत्र में रंगदारी को लेकर घटनाओं को अंजाम दे रही थी तथा लगातार कोयला कारोबारियों, ठेकेदारों एवं ईंट भट्टा व्यवसायियों से रंगदारी की मांग की जा रही थी। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा व चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में छापामारी टीम का गठन किया गया। इसी दौरान एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली कि क्रांतिकारी कम्युनिष्ट पार्टी (जेपीसी) के उग्रवादी चंदवा के माल्हन में टोरी पतरातु तीसरी रेल लाईन निर्माण कार्य योजना में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए है। इस सूचना पर गठित छापामारी टीम के द्वारा माल्हन के केकराही जाने वाले रास्ते में छापामारी की गई, जहां से जेपीसी संगठन के 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से लोडेड देशी कट्टा, गोली बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में चारों उग्रवादियों ने इसके पूर्व टोरी पतरातु तीसरी रेल लाइन निर्माण कार्य में हुए तीनों घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

### इनकी उग्रवादियों हुई है गिरफ्तारी

गिरफ्तार उग्रवादियों में अनुज कुमार यादव उर्फ गुड्डू यादव, पिता महेंद्र यादव, (सा. पुरषोत्तमपुर, थाना पांकी), कन्हाई मिस्त्री, पिता स्व. नरेश मिस्त्री, (सा. करार थाना पांकी) बेलास कुमार, पिता जोधी साब, (सा. करार, थाना पांकी) व रामसुन्दर यादव उर्फ भुटन यादव, पिता परमेश्वर यादव (सा. पुरषोत्तमपुर, थाना पाकी) शामिल हैं। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास 2 लोडेड देशी कट्टा, 3 जिन्दा गोली, 2 मोबाईल फोन बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अनुज कुमार यादव उर्फ गुड्डू यादव, पिता महेंद्र यादव, (सा. पुरषोत्तमपुर, थाना पाकी जिला पलामू), कन्हाई मिस्त्री पिता स्व. नरेश मिस्त्री, (सा. करार, थाना पांकी, जिला पलामू का अपराधिक इतिहास भी रहा है। छापामारी अभियान में एसडीपीओ सतोष कुमार मिश्र, पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि जमील अंसारी, नारायण यादव, पुअनि सुनिल टुटी, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, पुअनि विश्वजीत तिवारी, रूपलाल प्रसाद, कैलाश मंडल, पुअनि मिथलेश कुमार मनिका थाना व सैट 202 एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

---

## एक नजर में

### कंचनपुर डैम पूजन कर कार्य का प्रारंभ



उपस्थित विधायक रामचन्द्र सिंह व अन्य।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत अंतर्गत स्थित कंचनपुर डैम के जीर्णोद्धार के लिए शनिवार को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह की मौजूदगी में ग्राम प्रधान अजय सिंह ने नारियल फोड़ा और विधिवत भूमि पूजन करने के बाद पांच कुदाल चलाकर कार्य की शुरूआत की। मौके पर विधायक ने कहा कि कंचनपुर डैम का जीर्णोद्धार कार्य संपन्न होने पर आसपास के सभी किसानों को सिंचाई करने में काफी सहूलियत होगी। भूमि पूजन समारोह में विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, समर्थक अनिल सिंह, विजय सिंह, जीतेन्द्र सिंह, जिबोध सिंह, मदन सिंह, सौदागर सिंह, विकास सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, अमित कुमार समेत अधिकांश ग्रामीण शामिल थे।

### चंदवा सीएचसी में लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा



जायजा लेती टीम।


**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में शनिवार को राज्य की कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया, अधिकांश व्यवस्थाओं पर टीम ने संतोष जताया। हालांकि कुछेक कमियों पर शीघ्रता शीघ्र सही किये जाने का भी निर्देश दिया। टीम ने सबसे पहले अस्पताल में केंद्र की ओर से संचालित स्वास्थ्य योजना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं से संबंधी सूचना जुटाई और दस्तावेज भी देखे। साथ ही ओपीडी, वार्ड, दवा कक्ष, डिलीवरी रूम, इमरजेंसी वार्ड, भोजन व्यवस्था सहित अन्य सेवाएं भी देखी। बता दें कि कायाकल्प योजना केंद्र सरकार की ओर से संचालित है। योजना के तहत अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया जाता है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं वाले अस्पताल को पुरस्कार दिया जाता है। इसी को लेकर कायाकल्प के डीपीएम सुखराम बाबू व संतोष कुमार डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट क्विलिटी असिस्टेंट लातेहार के नेतृत्व में टीम चंदवा सीएचसी पहुंची। सीएचसी प्रभारी डॉ. एन के पांडेय, प्रभारी बीपीएन मीरा केसरी, प्रवीण कुमार, त्रिलोकी सिंह, रमेश राम, कृष्णकांत, विकाश रंजन, मनीष कुमार समेत कई स्वस्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### तेतरियाखांड़ कोलियरी में ट्रक मालिको की बैठक



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्तिथ तेतरियाखांड कोलियरी में शनिवार को ट्रक मालिको की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता काली यादव ने किया। मौके पर ट्रक ऑनरो द्वारा एक स्वर में कमलेश सिंह द्वारा मजदूर नेता गिरधारी यादव पर लगाये गए अवैध वसूली के आरोप को निराधार बताया। मौके पर बोलते हुए विस्थापित नेता काली यादव ने कहा कि गिरधारी यादव मजदूरों की लड़ाई हमेशा लड़ते आते है। उनके हक अधिकार की आवाज उठाते है इसीलिए तथाकथित लोगो के द्वारा झूठा आरोप लगाया जाता है। ताकि उनकी छवि धूमिल हो जाये। वहीं बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि कमलेश सिंह द्वारा लगाया गया आरोप झूठा है। मैं इसकी निंदा करता हूँ। वहीं मो. जुबैर ने कहा कि कोलियरी को सुचारू रूप से चलाने के लिए गिरधारी यादव सदैव तत्पर रहते हैं। कुछ असामाजिक लोगों को यह सब बातें शोभा नहीं देती इसलिए उन पर झूठा आरोप लगाया गया है। मौके पर संजय गुप्ता, गोविद यादव, पंकज केशरी, दिनेश लाल, दीपक यादव, अजित कुमार, मो. नासिर, पंकज सिन्हा, महेंद्र ठाकुर, सोमर गंझु, प्रकाश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बनवारी साहू महाविद्यालय में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक हरीकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव थे। जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिकल्पना है कि परीक्षा जीवन का हिस्सा है। इस से डरना नहीं चाहिए। आप जो भी करिए पूरे आत्मविश्वास के साथ करिये। त्यौहार के मूड में परीक्षा लिखिए। जीवन में सफलता और असफलता दोनों में अनुनाश्रय संबंध है, जो कड़ी लगन एवं परिश्रम से सफलता प्राप्त किया जा सकता है। परीक्षा पर चर्चा, पेंटिंग प्रतियोगिता में 50 छात्र एवं छात्राएं भाग लिए, 45 मिनट के इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल कुमारी, द्वितीय स्थान अंशु सिन्हा, तृतीय स्थान अनिता कुमारी एवं चतुर्थ स्थान चंचल कुमार रवि प्राप्त किए। जिन्हें मुख्य अतिथि राजधानी प्रसाद यादव, बनवारी साहू के सचिव अंजू गुप्ता पूर्व विधायक हरि सिंह, बनवारी साहू विद्यालय के प्राचार्य पीके तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के जिला संयोजक छोटू राजा एवं सुमंत यादव के द्वारा सभी विजेताओं के बीच प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में जिला महामंत्री पंकज सिंह, बंसी यादव, प्रोफेसर नरेश कुमार पांडे, प्रोफेसर हरिप्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरि कृष्ण सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार, आशा देवी थे। मौके पर बनवारी साहू महाविद्यालय के भूमि दाता कृष्णा प्रसाद, महाविद्यालय के सहायक अनुपम मिश्रा एवं सभी महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

# स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल जारी



हड़ताल पर बैठे अनुबंध स्वास्थ्य कर्मी।

- 25 जनवरी से आमरण अनशन में बैठेंगे अनुबंध स्वास्थ्य कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों का छठे दिन भी हड़ताल जारी। ज्ञात हो कि जिले भर के सभी अनुबंध स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन,एक्सरे टेक्नीशियन, सभी अपने स्थायीकरण को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका के परिसर में 16 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल से अस्पताल में इलाज कराने आ रहे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल से संबंधित जानकारी देते हुए अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि जब तक सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तब तक हमारा हड़ताल जारी रहेगा। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से अस्पताल में अपनी सेवा दे रहे हैं कोविड-19 महामारी के समय भी हम लोगों ने अपनी जान को जोखिम में डालकर सेवा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि हमें स्थानीयकरण के साथ-साथ समान काम,समान वेतन दिया जाए ताकि हम लोग अपने बाल बच्चों का अच्छे से परवरिश कर सके। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी से हम लोग अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठे हुए हैं और 24 जनवरी तक धरना जारी रहेगा जिसके बाद हम लोग 25 जनवरी से आमरण अनशन करेंगे। वहीं धरने के दौरान सभी अनुबंध स्वस्थ कर्मी सरकार से अपनी मांगों को पूरी करने हेतु विभिन्न नारे लगा रहे थे। मौके पर सुमन मींज,अभय प्रसाद,समेत कई अनुबंध स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# आदिवासी युवक एवं युवतियों को भ्रमण के लिए भेजा चंडीगढ़



रवाना होते युवक-युवतियां।

- कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय युवाओं को देश की मुख्यधारा से जोड़ना है: वेद प्रकाश त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** नेहरू युवा केन्द्र एवं 11वीं बटालियन सीआरपीएफ के सौजन्य से लातेहार जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के 20 आदिवासी युवक एंव युवतियों का चयन कर किनामार कैंप में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें 14वीं आदिवासी आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत चंडीगढ़ भ्रमण के लिए भेजा गया। इस मौके पर वेद प्रकाश त्रिपाठी, कमाण्डेंट ने कहा की यह कार्यक्रम खेल, गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयेजित की जाती है। इस तरह के कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य जनजातीय युवाओं को देश की मुख्यधारा से जोड़ना है तथा उन्हें देश के विभिन्न स्थानों की सांस्कृतिक, सामाजिक व जीवन शैली को समझने का अवसर प्रदान करना तथा उनकी सांस्कृतिक धरोहर का आदान-प्रदान करना है। नेहरू युवा केन्द्र लातेहार व 11वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा पूर्व में भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है। इस मौके पर जुगुल किशोर जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार यादव, उप कमाण्डेंट, कंचन कुमारी, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र लातेहार, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पांडेय एवं युवक एवं युवतियों उपस्थित थे।

# अवैध कोयला खनन को लेकर छापेमारी

## ईट भटटा मालिक, भूमि रैयतों की संलिप्ता उजागर थाने में दर्ज करवायी प्राथमिकी

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** अवैध कोयला खनन को लेकर डीएमओ आनंद कुमार ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। तुबेद खनन क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर पुलिस बल के साथ छापेमारी की एवं खनन क्षेत्र में अवैध खनन कार्य को लेकर बनाए कई गडडों का निक्षेप पाया एवं उसे जेसीबी के माध्यम से भरवाया,इसके पश्चता अवैध कोयला खनन कार्य में संलिप्त नामजद एवं अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी।



कार्रवाई करते हुए डीएमओ और पुलिस बल।

### सूचना पर हुई कार्रवाई

तुबेद एवं धोबीयाझारण में अवैध तरीके से कोयला खनन किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी,जिस पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने त्वरीत कार्रवाई करते हुए एसआई धर्मेन्द्र कुमार महतो एवं पुलिस बल के साथ तुबेद खनन क्षेत्र में छापेमारी की, छापेमारी के दौरान जेरजेर नदी के समीप,एसबी ईट भटटा मार्का,सरना एवं,जेरजेर नदी के समीप सरना एवं बाबा ईट भटटा,धोबियाझारण एवं तुबेद नदी के समीप अवैध कोयले खनन करने को लेकर गडडा पाया। जिसे अविलंब जेसीबी के माध्यम से भरा गया एवं कंपनी के अधिकारियों को अन्य स्थानों पर बने गडडे को एक सप्ताह के अंदर भरवाने को लेकर निर्देशित किया।


**इन पर हुई प्राथमिकी** तुबेद स्थित बंगला ईट भटटा एसबी के मालिक बलवंत सिंह, बानपुर लातेहार, जेरजेर नदी के समीप बंगला ईट भटटा सरना एवं बाबा के मालिक मो जहांगीर अंसारी, सासंग, लातेहार, धोबियाझारण भूमि मालिक सुमरेज उरांव, करमाही लातेहार समेत अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परीक्षा का हुआ आयोजन

**बारियातू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का शुभारंभ प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम मां सरस्वती ओउम एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजली के साथ किया गया। प्रधानाचार्य जीतेंद्र राम ने कहा कि हर वर्ष कक्षा चतुर्थ से अष्टम तक के छात्र छात्राओं को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के द्वारा संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। वहीं बताया की समूल निराकरण करके संस्कृति का संरक्षण करने की आवश्यकता है। संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य बच्चों में अपनी संस्कृति का ज्ञान एवं जीवन मूल्यों के प्रति आस्था निर्माण कर उनमें देश भक्ति एवं अपनी संस्कृति का गौरव भाव जागृत करना है। परीक्षा आयोजन में आचार्य राज किशोर मिश्रा, शशि कुमार सिंह, लवकेश उपाध्याय, लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार, बसंत कुमार, आचार्या वीणा दीदी जी, किरण दीदी जी, खुश्बू दीदी जी, मनिषा दीदी जी विनिता दीदी जी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्र के तेज गति से विकास में सहयोग करें कैडेट : राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से देश के मूल्यों तथा परंपराओं से जुड़े रहते हुए नए तरीकों की पहचान करने और राष्ट्र को तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ने में सहायता करने की अपील की है। सिंह ने शनिवार को एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया और कैडेटों को उनके असाधारण प्रदर्शन एवं कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए रक्षा मंत्री पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

### आइएनएस वागीर होगी नौसेना में शामिल

**नयी दिल्ली।** समुद्र में भारतीय नौसेना की ताकत में इजाफा होने वाला है। दरअसल कलवारी क्लास की पांचवीं सबमरीन आइएनएस वागीर आगामी 23 जनवरी को नोसैना में शामिल हो जाएगी। बता दें कि यह सबमरीन पूरी तरह से भारत में बनी है और मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने इसका निर्माण किया है। फ्रांस की कंपनी नेवल ग्रुप ने इसमें भारतीय नौसेना की मदद की है।

### अहोम 'मैदाम' भारत का यूनेस्को विश्व धरोहर के लिए होगा एकमात्र नामांकन

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अहोम साम्राज्य के चराइदेव 'मैदाम' को विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित करने के लिए यूनेस्को को एक प्रस्ताव भेजने का फैसला किया है। यह जानकारी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को दी। सरमा ने कहा कि देश भर के 52 अस्थायी स्थलों में से, प्रधानमंत्री मोदी ने असम के चराइदेव 'मैदाम' को चुना है।

### छत्तीसगढ़ में वंदे भारत पर पथराव, टूटा शीशा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक बार फिर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव किया गया है। इस बार पथराव की घटना भिलाई में हुई है। इसके चलते ट्रेन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया है।

### भर्ती घोटाला : टीएमसी नेता कुंतल घोष गिरफ्तार

**कोलकाता।** इडी ने टीएमसी के नेता कुंतल घोष को कथित शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इडी ने बताया कि घोष को शिक्षक भर्ती मामले में न्यू टाउन में चिनार पार्क में स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया।

## अभ्यास प्रलय में राफेल-सुखोई दिखायेंगे ताकत

# एलएसी पर अभ्यास करेगी वायुसेना

- वायुसेना अपने सभी प्रमुख हवाई अड्डों को शामिल करेगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीन की घुसपैठ को रोकने के लिए भारतीय वायु सेना पूर्वोत्तर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास 'अभ्यास प्रलय' आयोजित करेगी। इस अभ्यास में वह अपने सभी प्रमुख हवाई अड्डों को शामिल करेगी। अगले कुछ दिनों में होने वाले अभ्यास का आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब भारतीय वायु सेना ने क्षेत्र में एस-400 वायु रक्षा स्क्वाड्रन को तैनात और सक्रिय कर दिया है जो दुश्मन के किसी भी विमान या मिसाइल को 400 किलोमीटर दूर से ही मार गिराने में सक्षम है।

**राफेल और सुखोई-30 लड़ाकू विमान भी दिखाएंगे ताकत**

अधिकारियों के अनुसार, इस अभ्यास में परिवहन और अन्य विमानों के साथ-साथ राफेल और सुखोई-30 लड़ाकू विमानों सहित वायुसेना की प्रमुख लड़ाकू हथियार दिखाई देंगे।

भारतीय वायुसेना ने हाल ही में सिक्किम और सिलीगुड़ी कॉरिडोर सेक्टर के साथ प्रतिकूल गतिविधियों की निगरानी की अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ड्रोन के एक स्क्वाड्रन को अन्य ठिकानों से उत्तर पूर्व में स्थानांतरित किया।

अधिकारियों के मुताबिक, डोकलाम इलाके में चीनी भी अपनी गतिविधियां बढ़ा रहे हैं और भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### दूसरा सबसे बड़ा कमांड-लेवल अभ्यास



हाल के महीनों में वायु सेना द्वारा किया गया यह दूसरा ऐसा कमांड-स्तरीय अभ्यास है। शिलॉन्ग में भारतीय वायु सेना की पूर्वी कमान के पास पूर्वोत्तर हवाई क्षेत्र की जिम्मेदारी है साथ ही चीन की सीमा पर भी निगरानी रखते हैं। जब चीनी एलएसी के बहुत करीब उड़ान भरने या वहां भारतीय स्थानों की ओर बढ़ने की कोशिश करते हैं तो अक्सर उनके लड़ाकू विमानों को खदेड़ देते हैं।

### मॉस्को से गोवा आ रही फ्लाइट में बम की सूचना उज्बेकिस्तान डायवर्ट

**ताशकंत।** रूस की राजधानी मॉस्को से गोवा आ रही एक चार्टर्ड फ्लाइट में बम की सूचना मिली है। विमान को इसके बाद उज्बेकिस्तान डायवर्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक, विमान में 240 यात्री सवार हैं। बताया गया है कि यह फ्लाइट दक्षिण गोवा के दबोलिम एयरपोर्ट पर सुबह 4.15 बजे लैंड होने वाला था। बताया गया है कि विमान में यात्रियों के अलावा सात क्रू के सदस्य भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट अेश्2463 जिसका संचालन अजुर एयर की तरफ से किया जाता है, उसे भारतीय हवाई क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही डायवर्ट कर दिया गया।

### त्रिपुरा के लिए चुनावी अधिसूचना जारी

**अगरतला।** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को त्रिपुरा की 13वीं विधानसभा के लिए 16 फरवरी को होने वाले चुनाव की औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी, जिसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है, जो 30 जनवरी तक चलेगी। अधिसूचना के अनुसार, नामांकन पत्रों की जांच 31 जनवरी को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि दो फरवरी है। त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड में दो मार्च को एक साथ मतगणना है।

## खौफ में रूस, मॉस्को में ऊंची बिल्डिंग पर तैनात किये मिसाइल लॉन्चर और डिफेंस सिस्टम

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध को अब सालभर होने को हैं लेकिन दोनों पक्ष टस से मस नहीं हो रहे। रूस के खिलाफ यूक्रेन को पश्चिमी देश मदद कर रहे हैं, इससे उसकी सैन्य क्षमता बढ़ गई है। यूक्रेन ने हाल के दिनों में रूस पर जवाबी आक्रमण तेज कर दिए हैं। यूकेन को अमेरिका ने हाल ही में 90 कॉम्बैट वाहन और पैट्रिएट मिसाइल देने का ऐलान किया है। इस बीच, रूस को इस बात की चिंता सता रही है कि यूक्रेन राजधानी मॉस्को पर मिसाइल हमला कर सकता है। इससे बचने



के लिए रूस ने मॉस्को की ऊंची-ऊंची बिल्डिंग पर मिसाइल लॉन्चर और एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम की तैनाती की है। इसी क्रम में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आधिकारिक आवास के निकट एंटी एयर मिसाइल सिस्टम तैनात किया गया है। 'द डेली मेल' के मुताबिक, रूसी रक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय रक्षा प्रबंधन केंद्र की छत पर एक पैंटिर-एस1 रक्षा प्रणाली दिखाई दी है, जो व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन पर आक्रमण के कमांड सेंटर, फ्रुन्जेंस्काया के पास है। एक वीडियो में उसी शक्तिशाली प्रणाली को क्रेमलिन से डेढ़ मील दूर तगांका जिले के टेटरिंस्की लेन में एक छत पर ले जाते हुए दिखाया गया है। एक अन्य वीडियो क्लिप में, नोवो-ओगारेवो में रूसी राष्ट्रपति के कंट्री रिट्रीट के करीब एक और पैंटिर-एस1 कॉम्प्लेक्स की तैनाती दिखाई गई है। साफ है कि ये तैनातियां रूसी ठिकानों को यूक्रेनी ड्रोन या मिसाइलों के हमले से बचाने के लिए की गई हैं।

### भारत के साथ एफटीए वार्ता बहुत आगे निकली : ब्रिटिश मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ब्रिटेन और भारत के बीच महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत के साथ वार्ता का अगला दौर बहुत जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि एक मजबूत व्यापार समझौते से देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सकता है। भारत और ब्रिटेन आपसी व्यापार एवं निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए मुक्त व्यापार समझौता करने को लेकर बातचीत कर रहे हैं। दोनों ही देश इस समझौते को जल्द मूर्त रूप देना चाहते हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशियाई मामलों के मंत्री लॉर्ड तारिक अहमद ने कहा कि

### कुश्ती संघ के सहायक सचिव सस्पेंड

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ के सहायक सचिव विनोद तोमर को शनिवार को सस्पेंड कर दिया है। विनोद तोमर ने सुबह में ही में कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के पक्ष में बयान दिया था। विनोद तोमर का मानना है कि बृजभूषण शरण सिंह ने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने कहा था, आरोप निराधार हैं। ऐसा कुछ नहीं है। तीन-चार दिन हो गए हैं और उन्होंने अभी तक कोई सबूत पेश नहीं किया है।

### चीन में 80 प्रतिशत लोगों को कोरोना

**बीजिंग।** चीन में लगभग 80% लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं और अगले दो या तीन महीनों में कोविड-19 महामारी की नई लहर आने की आशंका कम है। चीन के एक प्रमुख सरकारी वैज्ञानिक ने शनिवार को यह बात कही। चीन के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुख्य महामारी विज्ञानी वू जून्यौ ने वीबो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि चंद्र नववर्ष की छुट्टियों के दौरान बड़े पैमाने पर लोगों की यात्राओं से महामारी फैल सकती है, जिससे कुछ क्षेत्रों में संक्रमण बढ़ सकता है, लेकिन निकट भविष्य में कोविड की एक नई लहर की आशंका नहीं है।

## सीजेआइ बोले- ध्रुव तारे की तरह दिशा देती है संविधान की मूल संरचना

एजेंसी

**मुंबई।** मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान की आत्मा को अक्षुण्ण रखते हुए बदलते समय के साथ उसकी व्याख्या करने में एक न्यायाधीश का कौशल निहित है। उन्होंने कहा कि जब आगे का रास्ता कठिन हो तो भारतीय संविधान की मूल संरचना अपने व्याख्याताओं और कार्यान्वयन करने वालों का मार्गदर्शन करती है और उन्हें निश्चित दिशा देती है। पालखीवाला मेमोरियल में अपने संबोधन उन्होंने कहा, भारत के कानूनी परिदृश्य में हाल के दशकों में कड़े नियमों को हटाने, उपभोक्ता कल्याण को बढ़ाने और वाणिज्यिक लेनदेन का समर्थन करने के पक्ष में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। सीजेआइ ने कहा, भारतीय संविधान की पहचान संविधान के साथ नागरिकों के संवाद के माध्यम से विकसित हुई है और न्यायिक व्याख्या के साथ हुई है। एक न्यायाधीश की शिल्पकारी संविधान की आत्मा को अक्षुण्ण रखते हुए बदलते समय के साथ संविधान के पाठ की व्याख्या करने में निहित है। उन्होंने कहा, ध्रुव तारे की तरह हमारे संविधान की मूल संरचना व्याख्याताओं और कार्यान्वयन करने वालों को तब एक तय दिशा देती है, जब आगे का रास्ता पेचीदा होता है।

### कांग्रेस ने आरोपपत्र में सरकार को हर मोर्चे पर बताया विफल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार को हर मोर्चे पर असफल बताते हुए कहा है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' के जरिए उसकी विफलताओं को घर घर तक पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का लोगो और भाजपा सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि सात सितंबर से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा 29 जनवरी को खत्म हो जाएगी। 30 को राहुल गांधी श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में पद-यात्रियों के साथ कन्याकुमारी से चल रहे तिरंगे को फहराएंगे।

## हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह को अनुराग ठाकुर ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ओडिसा की राजधानी भुनेश्वर और राऊलकेला में आयोजित हो रहे विश्व कप पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के व्यस्त कार्यक्रम के बीच हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, विश्व हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तय्यब इकराम जी के साथ दिल्ली पहुंचे और दिल्ली में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) के महानिदेशक संदीप प्रधान से मिलकर हॉकी के विकास पर चर्चा की। साथ ही साथ भोलानाथ सिंह ने खेल मंत्री और साई के महानिदेशक को हॉकी इंडिया की ओर से हॉकी की प्रतीक चिन्ह भेंट की। अनुराग ठाकुर ने चर्चा के दौरान आश्वस्त करते हुए कहा कि हॉकी हम लोगों का राष्ट्रीय खेल है और भारत सरकार का इस पर विशेष ध्यान है, हॉकी सहित भारत के पारंपरिक खेलो के विकास के लिए हमारी सरकार की प्राथमिकता है। आप लोगों के नेतृत्व में हॉकी इंडिया भी पारदर्शिता पूर्वक अच्छा कार्य कर रही है।

### खेल मंत्री से हॉकी के विकास पर की चर्चा



### एनटीए ने लागू की नयी व्यवस्था, अब पेपर के दो दिन पहले ही जारी होंगे जेइइ मेन के प्रवेश-पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेइइ मेन की शुरूआत 24 जनवरी से होने जा रही है। एनटीए की ओर से परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र जारी कर दिए गए हैं। हालांकि, एनटीए ने अभी सिर्फ पहले दिन यानी 24 जनवरी की परीक्षा के लिए ही एडमिट कार्ड जारी किए हैं। बाकी अन्य दिन की परीक्षाओं के लिए परीक्षा के दिन से सिर्फ दो-तीन दिन पहले ही जारी किए जा रहे हैं। यह व्यवस्था पहली बार लागू की गई है। इससे विद्यार्थी परेशान हैं।

**25 जनवरी की परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र आज होंगे जारी**

इंजीनियरिंग करिअर काउंसलर अमित आहूजा ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा शनिवार को एडमिट कार्ड रिलीज करने के साथ ही नोटिफिकेशन भी जारी किया गया। इसमें स्पष्ट किया गया है कि शनिवार को केवल 24 जनवरी को परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के ही प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। इस तिथि के बाद होने वाली परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड परीक्षा दिन से दो-तीन दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। इसी प्रकार 25 जनवरी की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 22 जनवरी को जारी किए जाएंगे। विद्यार्थी को चाहिए कि अनावश्यक रूप से परेशान नहीं हों और दिए गए नोटिस के अनुसार दो दिन पहले अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करें।

## सीएम नीतीश की मौजूदगी में लगे वापस जाओ के नारे

### समाधान यात्रा का बैनर फाड़ा

एजेंसी

**गया।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को अपनी समाधान यात्रा के तहत मोक्ष और ज्ञान की भूमि गया पहुंचे।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बांकेबाजार के बेला और बोधगया प्रखंड के इलरा गांव को सजाया गया था। हालांकि, यहां के इलरा गांव में मुख्यमंत्री को विरोध का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, सीएम नीतीश गया जिले के बांके बाजार प्रखंड अंतर्गत बेला गांव में हेलीकाप्टर से पहुंचे थे। वह अपने कार्यक्रम के तहत पहले बेला गांव गए थे। इसके बाद उनका इलरा गांव जाने का कार्यक्रम था। सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को चौकस रखा गया था। सीएम के आने से पहले ही यहां के डीएम डॉ त्यागराजन एसएम और डीडीसी विनोद दूहन ने प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया था।




**नीतीश कुमार वापस जाओ के लगे नारे :** जानकारी के अनुसार, समाधान यात्रा के तहत शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बोधगया इलरा गांव में विरोध का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री गांव में पहुंचे और नीरा के काउंटर का जायजा लिया।

## बिग बॉग से चमकी निमृत की किस्मत, रखेंगी बॉलीवुड में कदम

बिग बॉस सीजन 16 शो लोगों का भरपूर मनोरंजन कर रहा है। घरवालों के बीच तीखी नोंक-झोंक दर्शकों को काफी ज्यादा पसंद आ रही है। इस बीच शो की कंटेस्टेंट निमृत कौर अहलूवालिया की सितारे इन दिनों बुलंदियों पर नजर आ रहे हैं। बिग बॉस के टिकट टू फिनाले वीक में घर की कैप्टन बनने के बाद अब एक्ट्रेस के हाथों एक बड़ी फिल्म लग गई है। इसका एलान बिग बॉस के आने वाले एपिसोड में होने वाला है। दरअसल, इन दिनों एकता कपूर लव सेक्स और धोखा (एलएसडी) का सीक्वल बनाने की तैयारी में हैं। वह बिग बॉस के आने वाले एपिसोड में फिल्म को लेकर आधिकारिक घोषणा करती हुई दिखेंगी। इस बीच इससे जुड़ा एक अपडेट सामने आया है कि एकता की इस फिल्म में निमृत को साइन कर लिया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म से निमृत बॉलीवुड में एंट्री करने जा रही हैं और इसका एलान एकता बिग बॉस के मंच से करेंगी। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब इस शो के किसी कंटेस्टेंट को फिल्म में मौका दिया जा रहा है। इससे पहले सीजन पांच में महेश भट्ट भी सनी लियोनी को अपनी फिल्म 'जिस्म 2' के लिए साइन किया था। डेब्यू फिल्म में ही सनी ने अपने बोल्डनेस से तहलका मचा दिया था। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से भी इस फिल्म से जुड़ी जानकारी लोगों के साथ साझा की है। उन्होंने एलएसडी के निर्देशक दिबाकर के साथ अपनी फोटोज शेयर करते हुए बताया है कि उनकी फेवरेट फ्रैंचाइजी 'एलएसडी 2' की तैयारी शुरू हो चुकी है।






## क्वार्टर फाइनल के लिए क्रॉसओवर में खेलेंगी आठ टीमें, भारत के सामने होगा न्यूजीलैंड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर और राउरकेला में खेले जा रहे 15वें हॉकी विश्व कप में ग्रुप दौर के मैच समाप्त हो चुके हैं। 16 टीमों में से चार टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। वहीं, चार ने क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है और आठ टीमें दौर में बनी हुई हैं। ये आठ टीमें अब क्रॉसओवर राउंड में खेलेंगी। यहां से चार टीमें क्वार्टर फाइनल में जाएंगी और चार बाहर हो जाएंगी।

**क्वार्टर फाइनल में किन-किन टीमों ने बनाई जगह :** विश्व कप में 16 टीमों को चार ग्रुपों में बांटा गया था। हर ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीमें सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें बाहर हो गईं। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों में पूल ए से ऑस्ट्रेलिया, पूल बी से बेल्जियम, पूल सी से नीदरलैंड और पूल डी से इंग्लैंड है। बाहर होने वाली टीमों में पूल ए से दक्षिण अफ्रीका, पूल बी से जापान, पूल सी से चिली और पूल डी से वेल्स है।



**क्रॉसओवर में कौन-सी टीमें पहुंचीं**

क्रॉसओवर में राउंड में हर ग्रुप से दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें पहुंची हैं। पूल-ए से अर्जेंटीना और फ्रांस, पूल बी से जर्मनी और दक्षिण कोरिया, पूल सी से मलयेशिया और न्यूजीलैंड, पूल डी से भारत और स्पेन ने क्रॉसओवर में जगह बनाई है।

**क्रॉसओवर में कौन-सी टीमें किसके खिलाफ खेलेंगी**

इस राउंड में पूल ए की टीमों का मुकाबला पूल बी और पूल सी की टीमों का मुकाबला पूल डी से होगा। पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल बी में तीसरे पायदान पर रहने वाली टीम से होगा। पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल बी में दूसरे पायदान पर रहने वाली टीम के खिलाफ खेलेगी। इसी तरह पूल सी और पूल डी की टीमों के बीच मैच होगा।

### क्रॉसओवर का शेड्यूल

| तारीख | टीमें |
|---|---|
| 22 जनवरी | मलयेशिया बनाम स्पेन |
| 22 जनवरी | भारत बनाम न्यूजीलैंड |
| 23 जनवरी | जर्मनी बनाम फ्रांस |
| 23 जनवरी | अर्जेंटीना बनाम द कोरिया |

### भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से

भारतीय टीम पूल डी में दूसरे स्थान पर रही थी। उसने तीन में से दो मैचों में जीत हासिल की थी। इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच ड्रॉ रहा था। टीम इंडिया और इंग्लैंड के सात-सात अंक थे, लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण इंग्लैंड क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया।

टीम इंडिया ग्रुप सी में तीसरे स्थान पर रहने वाल टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। न्यूजीलैंड को तीन मैच में एक जीत और दो हार मिली थी। भारत 2010 में पिछली बार क्वार्टर फाइनल खेला था। उसकी नजर 13 साल बाद अंतिम-8 में पहुंचने पर होगी।




### ऑस्ट्रेलियाई ओपन : चौथे दौर में पहुंचे जोकोविच



**मेलबर्न।** नोवाक जोकोविच ने 10वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए शनिवार को तीसरे चरण में बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 3-0 से मात दी। रॉड लेवर एरिना पर खेले गये मुकाबले में जोकोविच ने अपने बुल्गारियाई प्रतिद्वंद्वी को 7-6(7), 6-3, 6-4 से हराकर चौथे चरण में कदम रखा, हालांकि वह पूरे मैच के दौरान अपनी हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझते नजर आये।

### हार्दिक सिंह विश्व कप से बाहर

**भुवनेश्वर।** न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले अत्यंत महत्वपूर्ण क्रॉसओवर मैच से पहले भारत के मिडफील्डर हार्दिक सिंह हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 से बाहर हो गये हैं। हॉकी इंडिया ने शनिवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि हार्दिक की जगह अतिरिक्त खिलाड़ी राज कुमार पाल को टीम में शामिल किया गया है।

### इंडिया ओपन : फाइनल में पहुंची यामागूची

**नयी दिल्ली।** जापान की अकाने यामागूची ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शनिवार को इंडिया ओपन 2023 के सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की सुपानिदा केटथॉन्ग को हराकर फाइनल में कदम रखा। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में एक घंटे 10 मिनट तक चले मुकाबले में यामागूची ने विश्व नंबर एक सुपानिदा को 21-17, 21-16 से हराया। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स और मलेशिया ओपन के बाद यह यामागूची का लगातार तीसरा फाइनल है।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran - II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran - II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !